Title: Need to extend canteen and medical facilities to retired employees of para-military forces in the country. − Laid.

*** श्री बची सिंह रावत """"बचदा'''''''' (अल्मोड़ा) :** महोदय, उत्तरांचल सैनिक बाहुल्य प्रदेश है। यहां से सेना व अर्द्धसैनिक बलों में भारी संख्या में लोग सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत्त होकर ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हैं।

सेवा के दौरान अर्द्धसैनिक बलों को सेना के जवानों के समकक्ष कैंटीन, चिकित्सा, आवास आदि की सुविधा प्राप्त रहती है। लेकिन सेवानिवृत्त के उपरांत भूतपूर्व सैनिकों को कैंटीन, चिकित्सा आदि की सुविधा तो यथावत मिलती है लेकिन अर्द्धसैनिक बलों के भूतपूर्व जवानों को यह सुविधा नहीं दी जाती है। इस कारण अर्द्धसैनिक बलों के भूतपूर्व जवानों के मन में इस भेदभाव को लेकर असंतोा व्याप्त है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह इस मामले में विशो रूचि लेकर अर्द्धसैनिक बलों के भूतपूर्व सैनिक बलों के भूतपूर्व जवानों को भी भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों के समकक्ष कैंटीन, चिकित्सा आदि की सुविधा प्रदान करें।

*** Treated as laid on the Table**